# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा।

## पारा विधिक स्वयंसेवक (PLV) के चयन हेतु आवेदन

**(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है और न ही आवेदक भविष्य में सरकारी पद हेतु दावा कर सकता है।)**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक 20/BSLSA/PLV/ 337 दिनांक 24.02.2021 के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा के कार्यालय में रिक्त 40 पारा विधिक स्वंयसेवकों के पद हेतु निम्न वर्णित बिन्दुओं से संबंधित पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन पत्र पारा विधिक स्वयं सेवक (PLV) पद हेतु आमंत्रित किया जाता है:-

1. पारा विधिक स्वयं सेवक (PLV) का चयन किसी सरकारी नौकरी में नियुक्ति नहीं है। चयन कर पैनलबद्ध किया जाएगा, जिसका कार्यकाल एक वर्ष का होगा। पुनः कार्यकाल विस्तार किया सकता है।
2. बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक 185/BSLSA/NPA/F/30/V/194/1927 दिनांक 25.07.2015 के आलोक में सेवानिवृत कर्मी, स्वयं सहायता समूह के कर्मी, NGO कर्मी, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक इत्यादि आवेदन दे सकते है। साथ ही पारा विधिक स्वयं सेवक (PLV) स्कीम के आलोक में ऐसे व्यक्ति महिला/पुरूष जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान में रूचि रखते हो या उनके लिए कार्य करना चाहते हो। इनमें सेवानिवृत शिक्षक, सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका इत्यादि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति भी जो स्वयं सेवा में रूचि रखते है।
3. यह सरकारी भर्ती नहीं है। इसलिए पदों पर आरक्षण नहीं है, परन्तु सभी वर्गो को समान प्राथमिकता दिया जाना है एवं महिलाओ की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।
4. योग्यता मैट्रिक पास। हिन्दी एवं अंग्रेजी लिखने, पढ़ने का ज्ञान होना चाहिए। आवेदक यदि कम्प्यूटर की जानकारी रखते है तो उन्हें वरीयता दी जाएगी।
5. बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक 88/BSLSA/PLV/1622 दिनांक 13.08.2025 के आलोक में पारा विधिक स्वयं सेवक (PLV) द्वारा किये गये कार्यो का मूल्यांकनोपरान्त @ 750/- प्रति कार्य दिवस की दर से बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

   **समान्य अनुदेश –**

   - आवेदक भोजपुर जिले का निवासी हो।
   - स्वस्थ हो।
   - अच्छा चरित्र हो।
   - समाज सेवा में रूचि रखता हो।
   - राजनीतिक सक्रियता न हो।
6. आवेदक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार (लोक अदालत), व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा के कार्यालय अवधि में हाथोहाथ या निबंधित/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदक आवेदन प्रेषण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा, पिन-802301 के पते पर दिनांक 08.06.2026 तक करेगें। दिनांक 08.06.2026 के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। आवेदन पत्र पर अपना मोबाईल नम्बर एंव ईमेल आई0डी0 अवश्य अंकित करें।
7. साक्षात्कार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर के प्रकोष्ठ में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा (लोक अदालत) के नोटिस बोर्ड के साथ-साथ जिला न्यायालय के वेबसाईट https://bhojpur.dcourts.gov.in पर देखा जा सकता है।
8. आवेदन निम्न प्रारूप में पूर्ण रूप से सादे कागज पर हस्तलिखित या टाईप किया हुआ स्वीकार किया जाएगा।

प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
आरा, भोजपुर।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा

## पारा विधिक स्वंयसेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

विज्ञापन संख्या 01/2026 दिनांक 20.05.2026

1. **आवेदन कौन दे सकता हैं:–**
   ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरूष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एंव वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं, इनमें सेवानिवृत शिक्षक, सेवा निवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, छात्र, गैर सरकारी संगठन एंव क्लब के सदस्य, स्वंय सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एंव अन्य व्यक्ति (विद्वान अधिवक्ता को छोड़कर), जो स्वंय सेवा में रूचि रखते हो आवेदन कर सकते है।
2. **शैक्षणिक योग्यता:– मैट्रिक पास/ आवेदक को हिन्दी एवं अंग्रेजी लिखने–पढ़ने का ज्ञान होना चाहिए। आवेदक यदि कम्प्यूटर की जानकारी रखते हो तो अपने आवेदन में दर्ज करें उन्हें वरीयता दी जाएगी।**
3. आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन एंव प्रवेश पत्र के साथ पूरी तरह भरकर अपने शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड एंव अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति लगाकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा के **कार्यालय में हाथों–हाथ या पंजीकृत डाक से दिनांक 08.06.2026** तक भेजें। इस तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन के साथ **पचपन रूपयें का डाक टिकट लगा, स्वपता लिखा लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करें।** आवेदक अपने आवेदन पर अपनी संपर्क संख्या (मोबाईल नं०), ईमेल संख्या अनिवार्य रूप से लिखें।
4. **आरक्षण:–**
   चूंकि पारा विधिक स्वंयसेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लोभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है। अतः पदों का आरक्षण नहीं है।
5. **पदों की संख्या:–**
   40 (चालीस) पारा विधिक स्वयंसेवको के चयन हेतु आरा सदर अनुमण्डलीय क्षेत्र से 14, पीरो अनुमण्डलीय क्षेत्र से 11 एंव जगदीशपुर अनुमण्डलीय क्षेत्र से 15 पारा विधिक स्वंयसेवक का चयन किया जाएगा।
6. **पारा विधिक स्वंयसेवकों के कार्य:–**
   पारा विधिक स्वंयसेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एंव विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय द्वारा सौंपा जाए को करना है।
7. **मानदेय:–**
   रू0 750/– (सात सौ पचास रूपया) प्रतिदिन। परन्तु यह मानेदय केवल उन विशेष दिनों के लिए ही भुगतेय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती हैं या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में भुगतान देय होगी।
8. **सामान्य अनुदेश।**
   (1) आवेदक भोजपुर जिले का निवासी हो।
   (2) शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
   (3) अच्छा चरित्र का हो,
   (4) समाज सेवा में रूचि रखता हो।
   (5) राजनीतिक सक्रियता न हो।
9. आवेदन निम्न प्रारूप में पूर्ण रूप में सादे कागज पर स्वयं हस्तलिखित या टाईप किया हुआ स्वीकार किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप https://bhojpur.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है।

**आवेदन भेजने का पता:– " सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा, पिन कोड–. 802301" दूरभाष संख्या–06182–222555**

अंतिम तिथि : 08.06.2026

प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
भोजपुर, आरा।

## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा।

### आवेदन का प्रारूप
### (यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)
### पारा विधिक स्वयंसेवक (PLV) के पद हेतु आवेदन पत्र

क्रमांक....................../2026 (कार्यालय उपयोग हेतु)

| |
|---|
| पासपोर्ट साईज<br>छायाप्रति<br>स्वअभिप्रमाणित |

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. स्थायी पता :– ग्राम........................... पो०............................
   थाना.......................... प्रखंड.........................
   अनुमण्डल ....................... जिला........................
   पिन कोड.........................
4. पत्राचार का पता :– ग्राम........................... पो०............................
   थाना.......................... प्रखंड.........................
   अनुमण्डल ....................... जिला........................
   पिन कोड.........................
5. शैक्षणिक योग्यता :–
6. अन्य योग्यता/अनुभव :–
7. जन्मतिथि :–
8. आवेदक की कोटि :– सामान्य/पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति
9. लिंग :–
10. सम्पर्क नम्बर :–
11. ई-मेल नम्बर :–

**घोषणा**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में वर्णित सभी जानकारी सत्य एवं सही है/गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान :–

दिनांक :– आवेदक का हस्ताक्षर

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा।
## पारा विधिक स्वयंसेवक (PLV) के साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र का प्रारूप
## (यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

क्रमांक...................../2026(कार्यालय उपयोग हेतु)

| पासपोर्ट साईज छायाप्रति स्वअभिप्रमाणित |
|---|

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. जन्मतिथि :–

12. पत्राचार का पता :– ग्राम............................ पो०.............................
थाना........................... प्रखंड..........................
अनुमण्डल ...................... जिला.........................
पिन कोड............................

4. साक्षत्कार का स्थान :– कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा

साक्षात्कार की तिथि :–

साक्षात्कार का समय :–

सचिव का हस्ताक्षर